जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक : एफ/वित्त/2017/890 दिनांक :– 06/11/17

//स्मरण पत्र//

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,समन्वयक एवं समस्त विभागीय अधिकारी,

जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

महोदय/महोदया,

लेखा विभाग की सूचना क्रमांक एफ/वित्त/2017/862 दिनांक 09.10.2017 के संदर्भ में आपके विभाग से बजट वर्ष 2017–18 की अर्द्धवार्षिकी समीक्षा किए जाने संबंधी जानकारी आज दिनांक तक प्राप्त नही हुई है। जानकारी प्राप्त न होने के कारण बजट संबंधी कार्य मे विलम्ब हो रहा है।

अतः जिन विभागों द्वारा पूर्व में प्रेषित प्रपत्र में जानकारी प्रस्तुत नही की गई है वह कृपया दिनांक 10.11.2017 तक अनिवार्यतः जानकारी लेखा विभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें। जानकारी समय–सीमा में प्राप्त न होने की स्थिति में आपके द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार करना संभव नहीं होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. कुलपतिजी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

वित्त नियंत्रक

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ/वित्त/2017/862 दिनांक :- 09/10/17

प्रति,

(अ) समस्त विभागाध्ययक्ष, अध्ययनशाला जी0वि0वि0,ग्वालियर।
(ब) समस्त समन्वयक स्ववित्तीय योजनाऐं, जी0वि0वि ग्वालियर।
(स) समस्त विभागीय अधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषय :– वित्त वर्ष 2017–18 हेतु आंबटित बजट की अर्द्धवार्षिकी समीक्षा के संबंध में।

महोदय/महोदया,

वित्त वर्ष 2017–18 का पुनरीक्षित एवं बजट अनुमान वर्ष 2018–19 का बजट तैयार किया जाना है। वर्ष 2017–18 का पुनरीक्षित बजट तैयार किए जाने से पूर्व वर्ष 2017–18 हेतु आबंटित बजट की अर्द्धवार्षिकी समीक्षा किया जाना है। बजट की अर्द्धवार्षिकी समीक्षा का कार्यक्रम दिनांक 30.10.2017 से प्रारंभ किया जा रहा है, विभागों को तिथिवार कार्यक्रम की सूचना उचित माध्यम से पृथक से प्रेषित की जाएगी।

अतः निवेदन है कि संलग्न प्रोफार्मा में संबंधित विभाग माह सितम्बर तक के आय–व्यय संबंधी जानकारी दिनांक 17.10.2017 तक लेखा विभाग में प्रस्तुत करें। प्रत्येक नवीन मद तथा बजट वृद्वि के प्रस्ताव के साथ वृद्वि का औचित्य एवं समीक्षा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उक्त के अभाव में प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

कृपया उक्त निर्देशें का निर्धारित समयावधि में पालन करना सुनिश्चित करे।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदया के सचिव जी0वि0वि0 की और सूचनार्थ।
2. सहायक कुलसचिव (लेखा) की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

वित्त नियंत्रक

प्रपत्र –1

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
अर्द्धवार्षिकी आय-व्यय बजट प्रस्ताव
बजट वर्ष 2017-2018
बजट अनुमान वर्ष 2017-18

विभाग का नाम :-

क्र.	आय मदशीर्ष	बजट अनुमान 2017-18	वास्तविक आय सितम्बर, 2017 तक	क्र.	व्यय मदशीर्ष	बजट अनुमान 2017-18	वास्तविक व्यय सितम्बर, 2017 तक	अन्य
1	2	3	4	5	6	7	8	9

हस्ताक्षर विभागाध्यक्ष